तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 13 अगस्त 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 188वीं वाहिनी सीआरपीएफ ने निकाली भव्य तिरंगा...



12 आवास व शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने वाले कार्यों ...



B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# जवानों की तिरंगा रैली, देशभक्ति के रंग में रंगा कामानार से केशलूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 241वीं बटालियन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जनजागरुकता निर्मित करने सहित देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कामानार स्थित बटालियन मुख्यालय से शुरू होकर केशलूर तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में जवानों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का शुभारंभ 241 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी संजय कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर बटालियन के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, जवान और महिलाएं उपस्थित थे। रैली के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों तथा देशभक्ति गीतों की गूंज से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस दौरान जवानों को संबोधित करते संजय कुमार ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले सभी शहीदों के प्रति हमारी कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि तिरंगा राष्ट्र ध्वज के रूप में वर्षों के संघर्षों, वीर सपूतों की कुर्बानियों और सुरक्षा बलों के बलिदान का प्रतिनिधित्व करता है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना है।

## शहीदों के प्रति हमारी कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक





### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर उप कमांडेंट निरंजन कुमार निराला, सहायक कमांडेंट सविता सिंह, केशलूर एसडीपीओ लक्ष्मण पोटाई, दरभा थाना प्रभारी चाणक्य नाग तथा अन्य अधिकारीगण, जवान और महिलाएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### रक्षासूत्र बांधकर वनों की सुरक्षा का दिया संकल्प



**जगदलपुर।** बस्तर जिले में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में समस्त वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर वनों की सुरक्षा का संकल्प दिलाया गया।

### मेकाज में भाई ने बहन की पार्थिव देह को किया डोनेट



**जगदलपुर।** शहर के अवंतिका कालोनी निवासी कोमरे परिवार के सदस्यों ने अपनी बड़ी बहन की इच्छा को पूरा करते हुए उनके पार्थिव देह को सोमवार की शाम डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज में सौंप दिया गया। इस दौरान भाई, बहू ने बताया कि बहन की काफी समय से यह इच्छा थी कि भविष्य में कभी भी कुछ होने पर शव को डोनेट ही किया जाए। अवंतिका कालोनी निवासी एमआर कोमरे ने बताया कि बहन मृतिका सुश्री अहिल्या कोमरे 56 वर्ष कांकेर जिले के कोरर के कोपानपुर स्थित हाई स्कूल में व्याख्याता के पद में पदस्थ थी। विगत 2 साल से स्वास्थ्य खराब होने के कारण भाई एमआर कोमरे के घर में ही रह रहे थी, जहां उनका देखभाल किया जा रहा था। वहीं उनकी बहू सबत कोमरे ने बताया कि अहिल्या का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उन्हें मेकाज में भर्ती किया गया था। जहां रक्षाबंधन के दिन भी भाई से बात करने के साथ ही दोनों भाई-बहन साथ में थे। लेकिन रक्षाबंधन के दूसरे दिन 10 अगस्त को उनका निधन हो गया। सुश्री अहिल्या कोमरे वर्ष भर पहले ही कबीर पंथी संतराम पाल महाराज संस्था से जुड़ने के बाद अपने शव को डोनेट करने की बात हमेशा से किया करते थे। वही उनके छोटे भाई ने भी कुछ माह पहले शव डोनेट के लिए फार्म भर चुके है। उनका कहना था कि मेरी पार्थिव देह किसी ना किसी के काम जरूर आएगी, जिसका लाभ मेडिकल विद्यार्थियों के पढ़ाई के काम भी जरूर आएगी।

### संगीत संध्या 15 अगस्त को टाउन हॉल में

**जगदलपुर।** राग द म्यूजिकल ग्रुप के तृतीय वर्षगांठ का कार्यक्रम 15 अगस्त को टाउन हॉल में शाम 7:30 बजे से होगा। संगीत संस्था के अध्यक्ष बिजु विश्वास ने बताया कि मुख्य अतिथि विधायक किरण देव, कार्यक्रम अध्यक्ष महापौर संजय पाण्डे, विशेष अतिथि रेखचंद जैन तथा सफीरा साहु होंगे। उन्होंने सुरमयी संगीत संध्या में संगीत प्रेमियों को आमंत्रित किया है।

## कार्रवाईः जेसीबी से फसल नष्ट कर खुदवाया वाटर रिचार्ज पिट

# 200 एकड़ वनभूमि के अतिक्रमण को वन अमले ने करा लिया मुक्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/ बस्तर

■ 11 आरोपियों पर अपराध दर्ज

बस्तर ब्लॉक के पिपलावण्ड में अवैध रूप से वनभूमि में अतिक्रमण कर 30 वर्षों से पिपलावण्ड एवं जामगुड़ा के ग्रामीणों के बीच विवाद चल रहा था। जिसमें जामगुड़ा के 78 ग्रामीणों ने लगभग 200 एकड़ वनभूमि को कब्जा करके रखे थे। इस पर वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिस विभाग के दल मौके पर जेसीबी लेकर पहुंचकर फसल को नष्ट किया गया और वॉटर रिचार्ज पिट खुदवाया गया एवं काजू पौधों का रोपण करवाया गया। साथ ही 11 आरोपियों पर भारतीय वन अधिनियम 1927 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा के निर्देशानुसार वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन के अनुसार उप वन मंडलाधिकारी आईपी बंजारे के नेतृत्व में परिक्षेत्र भानपुरी, परिक्षेत्र बस्तर, परिक्षेत्र करपावण्ड, उड़नदस्ता दल एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से भानपुरी सा. परिक्षेत्र अंतर्गत परिसर पिपलावण्ड के कक्ष क्रमांक 1089 पी. नया पीएफ 78 में ग्राम जामगुड़ा ग्राम पंचायत पिपलावण्ड अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण किया गया था। इसके विरूद्ध कार्रवाई करते हुए मंगलवार को अतिक्रमण क्षेत्र में जल अवरोधक खंती निर्माण डब्ल्यूएटी, वॉटर रिचार्ज पिट खुदवाया गया एवं काजू पौधों का रोपण करवाया गया। अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कोर्ट चालान की कार्रवाई की जा रही है।

### इन्होंने किया था बेजाकब्जा

*अतिक्रमणकारियों में ग्राम पिपलावण्ड पुजारीपारा निवासी 48 वर्षीय सोनसिंग, ग्राम पिपलावंड निवासी 60 वर्षीय टोरका, ग्राम जामगुड़ा निवासी विजय, 22 वर्षीय बलिराम, सुदर, रामलाल, बृजलाल, दुलोराम, मानू एवं ललित के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।*

### 30 साल से चल रहा था विवाद

*30 वर्षों से पिपलावण्ड एवं जामगुड़ा के ग्रामीणों के बीच विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि जामगुड़ा के 78 ग्रामीणों ने करीब 200 एकड़ जमीन पर कब्जा कर रखा था। इस पर वन विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा था। साथ ही ग्रामवासियों को समझाइश भी दे रहा था, लेकिन हल नहीं निकल रहा था। ग्रामीण बेजाकब्जा छोड़ नहीं रहे थे। आज कार्रवाई कर जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया।*

## बोड़ला-पुसनार के जंगल में मुठभेड़, डीआरजी के 2 जवान घायल



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ प्राथमिक उपचार के बाद एयरलिफ्ट कर रायपुर किया गया रेफर

बीजापुर जिले के बोड़ला-पुसनार के जंगलों में सर्चिंग में निकली पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में डीआरजी के दो जवान घायल हो गए हैं। दोनों तरफ से रुक-रुककर गोलीबारी जारी हैं। इ मुठभेड़ में डीआरजी के 2 जवान गोली लगने से घायल हो गए हैं। आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया की गंगालूर थाना क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जवान सर्च अभियान में निकले थे। जवानों पर आज सुबह नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी इसके बाद जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए गोलियों का जवाब दिया। घायल जवानों को जिला चिकित्सालय बीजापुर में प्राथमिक इलाज के लिए लाया गया। इसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए चॉपर से रायपुर रेफर किया गया। पुलिस अधिकारियों ने दोनों जवानों की हालात खतरे से बाहर होने की बात कही है।

## डिवाइडर पर चमकीले ट्रैफिक स्प्रिंग पोस्ट व डेलीनेटर लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ सड़क दुर्घटना रोकने यातायात पुलिस की पहल



सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए यातायात पुलिस ने डिवाइडर पर चमकीले ट्रैफिक स्प्रिंग पोस्ट व डेलीनेटर लगा कर सड़क हादसे कम करने अभियान शुरू किया है। एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग के मार्गदर्शन में शुरू किए गए पहल से डिवाइडर क्रासिंग और स्टार्टिंग प्वाइंट पर रात्रि में अंधेरे होने के कारण मार्ग से आवागमन कर रहे चालक व यात्री को दूर से डिवाइडर प्वाइंट या क्रासिंग का स्पष्ट आभास हो जाएगा। शहर के विभिन्न संभावित दुर्घटना स्थानों नया बस स्टैंड, नगर निगम कार्यालय के सामने, गुरुद्वारा के सामने, कोर्ट तिराहा, कलेक्ट्रेट रोड, कुम्हार पारा रोड व अन्य मार्गों पर ट्रैफिक ▶▶| शेष पेज 12 पर

## संभाग के 11 मंडियों में 14.83 फीसदी उपज आवक में कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ मंडी बोर्ड के जेडी ने सचिवों की ली मासिक समीक्षा बैठक



बस्तर संभाग के 11 मंडियों में जुलाई माह में उपज की आवक 14.83 फीसदी कमी रही, मंडियों में उपज की आवक होने से हमालों ने पलायन कर खेती किसानी में जुटे। बताया जा रहा है कि कृषि विपणन मंडी बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक ने हाल ही में 11 मंडी सचिवों की मासिक समीक्षा बैठक ली। इसमें बताया कि मंडी जगदलपुर में 8.69, कोंडागांव में 10.16, केशकाल में 31.50, कांकेर में 6.22, चारामा में 11.20, संबलपुर में 37.05, पखांजूर में 24.19, गीदम में 31.56, कोंटा में 1.83, नारायणपुर में 23.05 एवं बीजापुर में 1.75 फीसदी उपज की आवक कमी रही। मंडी एवं उप मंडियों में इन दिनों मक्का और इमली की आवक है, पर मंडी को इससे शुल्क नहीं मिल रहा है।

### सचिवों को दिए निर्देश

*कृषि विपणन बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक केएल मंडावी ने सचिवों को निर्देश दिए कि मंडी में उपज की आवक बढ़ाएं, जिससे आय भी बढ़ेगी।*

## स्ट्रीट डॉग्स पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर, महापौर ने कहा- जगदलपुर को भी करें शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ एनसीआर से बस्तर तक लागू हो आदेश : पाण्डे

■ अधिवक्ताओं से चर्चा कर राज्य शासन से करेंगे आग्रह



देशभर में कुत्तों के काटने और रेबीज जैसी गंभीर बीमारी के बढ़ते मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर फैसला दिया है। जिसका महापौर संजय पाण्डे ने स्वागत किया है। कोर्ट की यह टिप्पणी कि हर दिन सैकड़ों डॉग बाइट के मामले सामने आ रहे हैं और इसमें बच्चे व बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं, को उन्होंने सही बताया।

जारी बयान में महापौर ने कहा कि पूर्व के आदेशों के चलते नगर निगमों की कार्रवाई टीकाकरण एवं नसबंदी तक सीमित थी, कानून के अनुसार स्ट्रीट डॉग्स को मारना या कहीं दूर छोड़ना भी अवैध है, लेकिन अब सर्वोच्च न्यायालय ने स्वयं इस विषय पर गंभीरता दिखाई है। इससे स्ट्रीट डॉग्स की समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने पहले चरण में एनसीआर क्षेत्र में पांच हजार से अधिक आवारा कुत्तों को शेल्टर हाउस में स्थानांतरित ▶▶| शेष पेज 12 पर

### ठोस कदम उठाना होगा आसान

ज्ञात हो कि जगदलपुर में पिछले कुछ वर्षों से आवारा कुत्तों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। शहर के कई वार्डों में रोजाना डॉग बाइट के मामले सामने आ रहे हैं, जिससे स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और राहगीर दहशत में हैं। नगर निगम समय-समय पर कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण अभियान चलाता है, लेकिन पर्याप्त संसाधनों और कानूनी बाधाओं के कारण समस्या पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं हो सका है। महापौर का मानना है कि सुप्रीम कोर्ट के नए दिशा-निर्देश मिलने के बाद इस दिशा में ठोस कदम उठाना आसान हो जाएगा।

## तालाब के चारों ओर 21 पीपल के पौधे लगाए गए

# सालेपाल में पीपल केयर संस्था ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





सामाजिक सेवा संस्था पीपल केयर ने तोकापाल विकासखंड के ग्राम सालेपाल में पौधारोपण अभियान चलाया जिसके तहत 21 परिवारों ने गांव के तालाब के किनारे पीपल के पौधे लगा कर ट्री गार्ड द्वारा सुरक्षा घेरा भी लगाया। ताकि उनको बड़ा होने तक सुरक्षा मिलती रहे।

इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता फैलाना और प्रत्येक परिवार को एक पीपल पेड़ की जिम्मेदारी सौंप कर ग्राम के तालाब को सुरक्षित करना है। पीपल केयर संगठन पिछले 7 वर्षों से बस्तर संभाग के साथ पूरे छत्तीसगढ़ में पीपल और नीम के पौधे लगाने का अभियान चला रहा है। बस्तर जिले के विभिन्न कस्बों, शहर में सैकड़ों पीपल के पौधे लगा कर उसे संरक्षित किया है। आज सालेपाल में श्रीराम कथा वाचक आचार्य गोविंद भाई के आतिथ्य में पीपल के पौधे लगाए गए। आचार्य ने वरिष्ठ ग्रामवासियों का सम्मान करते हुए उन्हें कपड़े उपहार में दिए। इस अवसर पर पंजाब सनातन के पदाधिकारी, शौंडिक समाज के अध्यक्ष ▶▶| शेष पेज 12 पर

### 24 घंटे आक्सीजन देता है पीपल का पेड़

*आचार्य गोविंद ने पीपल धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व पर बताया कि पीपल का पेड़ 24 घंटे ऑक्सीजन तो देता ही है इसके साथ ही पीपल का पेड़ सनातन धर्म में सबसे ज्यादा पूजनीय माना गया है। उन्होंने पीपल के पौधे का रोपण को एक संतान की परवरिश से जोड़ते हुए कहा माता-पिता इन पौधों को अपनी संतान की तरह लगाये। बच्चों की तरह बड़ा होने तक इनकी रक्षा करें, तो उनके बच्चों की उम्र भी पीपल की तरह 100 वर्ष से ज्यादा होगी। उन्होंने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि एक पीपल लगाना केवल पर्यावरण की सेवा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को जीवन का वरदान देना है।*



## खबर संक्षेप

### जिले में 14 अगस्त को होगी स्वतंत्रता दौड़

**कोण्डागांव।** जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व 14 अगस्त को प्रातः 7:30 बजे स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ विकासनगर स्टेडियम से प्रारंभ होकर, जिला कोर्ट परिसर से होते हुए नेशनल हाईवे, जय स्तम्भ चौक तथा बाजारपारा जाएगी। बाजार पारा से पुनः विकासनगर स्टेडियम में समाप्त होगी। दौड़ में समस्त शिक्षण संस्थाओं के एनएसएस, एनसीसी, स्काउट कैडेट एवं पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल के स्कूली बच्चे, जिला के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगें।

### जेसीआई साइकिल रेस का आयोजन होगा 17 को

**जगदलपुर।** शहर के स्कूली बच्चों में खेल, फिटनेस और अनुशासन की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जेसीआई सिटी द्वारा आगामी 17 अगस्त को भव्य राइड एंड राइज साइकिल रेस का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता कक्षा 5वीं से 9वीं तक के विद्यार्थियों के लिए होगी। रेस का शुभारंभ सुबह सात बजे माता दंतेश्वरी मंदिर परिसर से होगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को ग्यारह हजार रुपये, द्वितीय स्थान को सात हजार एक रुपये और तृतीय स्थान को पांच हजार एक रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को निःशुल्क साइकिल हेलमेट दिया जाएगा। रेस का मार्ग शहर के प्रमुख स्थानों से होकर गुजरेगा और पुनः माता दंतेश्वरी मंदिर पर समाप्त होगा। पंजीयन की अंतिम तिथि 14 अगस्त है।

### बेड़मा में निकाली गई तिरंगा रैली



**फरसगांव।** हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को 1 बजे कोंडागांव जिले के केशकाल ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बेड़मा के सरपंच एवं केशकाल भाजपा मंडल अध्यक्ष लंबोदर सलाम के नेतृत्व में गांव में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस तिरंगा रैली में गांव की महिलाएं , स्कूल के शिक्षक और बच्चों ने मिलकर जिलेवासियों को राष्ट्रभक्ति और तिरंगे के सम्मान के प्रति जागरूक किया। यह तिरंगा रैली गांव के सभी चौक चौराहों पर निकलकर कर लोगों को जागरूक किया गया । इस दौरान महेंद्र नायक सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

### पंचायत प्रतिनिधियों को दिया आधारभूत प्रशिक्षण

**फरसगांव।** हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत मंगलवार को फरसगांव ब्लॉक के पंचायत प्रतिनिधियों के लिए जनपद पंचायतकार्यालय में पंचायत प्रतिनिधियों के लिए आधारभूत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत पतोडा, भंडारवंडी, मांझीआठगांव, कोरबिड़गांव, हाटचपई, चिचाड़ी, कोकोडाजुगानार, परोदा, , बानगांव, गट्टीपलना के वार्ड पंचों को मूलभूत प्रशिक्षण भी दिया गया। उपस्थित लोगों को हर घर तिरंगा और हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जागरूक भी किया गया। इस दौरान फरसगांव जनपद के वरिष्ठ करारोपण अधिकारी टी एल नाग, विकास विस्तार अधिकारी जी एस शोरी, ओपी देव संकाय सदस्य हरीश मंडावी बीसी बिहान, प्रमोद जायसवाल समेत 9 ग्राम पंचायत वार्ड पंच उपस्थित रहे ।



# 188वीं वाहिनी सीआरपीएफ ने निकाली भव्य तिरंगा बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में, 188वीं वाहिनी सीआरपीएफ ने आज आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को बढ़ावा देने के लिए एक भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया। कमांडेंट भवेश चौधरी के नेतृत्व में, जवानों ने हाथों में तिरंगा लेकर देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया। यह बाइक रैली वाहिनी मुख्यालय से शुरू होकर राष्ट्रीय राजमार्ग-30, बंधा तालाब पार्क और शहर के अन्य मुख्य हिस्सों से गुजरी। स्कूली बच्चों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह रैली केंद्रीय विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, नवोदय विद्यालय और कोण्डागांव पीजी कॉलेज से भी होकर गुजरी, जहाँ छात्रों ने जोरदार स्वागत किया। पूरे जोश और जुनून के साथ, जवानों और छात्रों ने देशभक्ति के नारे लगाए, जिससे स्थानीय लोगों का ध्यान आकर्षित हुआ। जब जवान कतारबद्ध होकर तिरंगा लेकर सड़कों पर निकले, तो देखने वालों का तांता लग गया। लोग अपनी छतों और सड़कों के किनारे खड़े होकर इस दृश्य को देखने लगे, जिससे पूरा शहर तिरंगामय हो गया।

## आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 'हर घर तिरंगा' अभियान को दिया बढ़ावा, शहर हुआ तिरंगामय





### तिरंगे के सम्मान व देशभक्ति की भावना को मिला बढ़ावा

इस रैली के माध्यम से स्थानीय लोगों और छात्रों को अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने और देशभक्ति की भावना को जगाने के लिए प्रेरित कियामांडेंट भवेश चौधरी ने नागरिकों से तिरंगे के प्रति सम्मान बढ़ाने और अपने घरों पर भी तिरंगा फहराने का आग्रह किया। उन्होंने इस रैली में शामिल सभी उत्साहित नागरिकों का आभार भी व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में 188वीं वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी अभिज्ञान कुमार, उप कमांडेंट दीपक सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चंद्रन और बड़ी संख्या में जवानों ने हिस्सा लिया।

## आयोजन: समयसीमा की बैठक में योजनाओं व निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा

# आवास व शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने वाले कार्यों को प्राथमिकता से करें पूरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव



कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में शासकीय योजनाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान और रजत जयंती के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों पर चर्चा करते हुए विभागों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति और जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी बीईओ खंड शिक्षा अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि जर्जर भवनों में स्कूल न चलाए जाएँ। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा करते हुए, कलेक्टर ने स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को समय पर जियो टैग करने और एमआर मस्टर रोल जारी करने का निर्देश दिया। सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को हितग्राहियों की बैठक लेकर अधूरे कामों को जल्द शुरू करवाने के लिए भी कहा गया। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्रें में आवास निर्माण में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए अन्य विभागों से समन्वय करने को कहा। स्वास्थ्य विभाग को आश्रम-छात्रवासों और दूरस्थ क्षेत्रें में मलेरिया की रोकथाम के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि सभी मितानिन लगातार मलेरिया की जाँच करती रहें।

कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत गाँवों में शुद्ध पेयजल पहुँचाने के कार्योर् में तेजी लाने और हर घर जल प्रमाणीकरण के कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को कोण्डागांव शहर में रिटेनिंग वॉल का निर्माण जल्द पूरा करने और केशकाल बायपास के निर्माण के लिए सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए कहा।

### मातृ वंदना योजना के तहत पंजीकरण की ली जानकारी

इसके अलावा, बैठक में खाद्य विभाग में समितियों के मिलान कार्य, नशा मुक्त भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पंजीकरण, महतारी सदन और अटल डिजिटल केंद्र के भवनों के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनदर्शन में मांग व शिकायतों के 30 आवेदन मिले



**कोण्डागांव।** साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में आज कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला मुख्यालय के सभाकक्ष और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केशकाल और बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं। उन्होंने सभी आवेदनों को गंभीरता से लिया। संबंधित अधिकारियों को तुरंत उनका समाधान करने के निर्देश दिए। आज के जनदर्शन में कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से कुछ प्रमुख मांगें और शिकायतें इस प्रकार थीं। चुरेगांव के ग्रामीण सीसी रोड बनाने और भवन की मरम्मत कराने की मांग। सिरसी कलार के ग्रामीण ग्राम कबेगा और गटीपलना के बीच जर्जर हो चुकी सड़क की मरम्मत की मांग। गम्हरी के ग्रामीण अवैध वन अतिक्रमण की शिकायत। चलका निवासी रामधर सोड़ी प्राथमिक शाला चलका में शिक्षक की नियुक्ति की मांग। तौरेंगा निवासी फूलोबाई महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने की मांग। चुरेगाँव निवासी सुखबती वन अधिकार पत्र की मांग। कलेक्टर ने सभी आवेदकों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।

# बड़ेडोंगर लाटापारा में खेत के कुएं में डूबने से ग्रामीण की गई जान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

ब्लॉक के बड़ेडोंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़ेडोगर लाटापारा निवासी 55 वर्षीय ग्रामीण चैतराम कड़ियाम सोमकर की शाम घर से निकला जो वापस नहीं आया। परिजनों को खोजबीन के दौरान मंगलवार की सुबह अपने खेत में स्थित कुआं के पास सामान पड़ा हुआ था। वहीं कुआं के पास पैर से फिसलने के निशान थे। परिजनों ने कुआं में खोजबीन की तो उसका शव पानी में डूबा हुआ था। जिसके पास परिजनों को बड़ेडोगर थाना में घटना की जानकारी दी गई। पुलिस में मर्ग कायम कर घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कुआं से बाहर निकाला गया । अंदाजा लगाया जा रहा है कृतक कुआं ने नहाने या हाथ पैर धोने के दौरान फिसलकर कर गिर गया होगा । बड़ेडोंगर थाना पुलिस मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने में बाद शव परिजनों को सौंप कर मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

# गारावांडी में हर घर तिरंगा के साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का लिया गया संकल्प




**हरिभूमि न्यूज कोण्डागांव/केशकाल ।** राष्ट्रीय अभियान 'हर घर तिरंगा' के तहत केशकाल विकासखंड के ग्राम गारावांडी में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,कोण्डागांव ने एक विशेष जन-जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार मानने की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए यह आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामवासियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम में सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, स्वच्छता के महत्व और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता जैसे विषयों पर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने गांव को स्वच्छ रखने, प्लास्टिक का इस्तेमाल घटाने, जल संरक्षण करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस दौरान, ग्रामीणों ने मिलकर पंचायत भवन, विद्यालय परिसर और ओवरहेड टैंक के आसपास सफाई की और इन जगहों पर पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।

ग्राम के उपसरपंच पप्पू मंडावी ने कहा कि स्वच्छ और जल-संपन्न गाँव ही एक मजबूत और स्वस्थ समाज की नींव रखते हैं। उन्होंने सभी से अपने गाँव को स्वच्छ रखने और जल व पर्यावरण की रक्षा करने का आह्वान किया, ताकि आने वाली पीढ़ियों को बेहतर भविष्य मिल सके। इस अवसर पर जल जीवन मिशन की टीम और प्रधानाध्यापक रामप्रसाद नेताम सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### स्वच्छता के संग मनाया जा रहा स्वतंत्रता का उत्सव



**कोण्डागांव।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर जिले में हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग नामक साप्ताहिक कार्यक्रम मनाया जा रहा है। यह अभियान 15 अगस्त तक चलेगा, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रें में स्थाई स्वच्छता और सुरक्षित जल आपूर्ति सुनिश्चित करना है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई के मार्गदर्शन में इस अभियान को सफल बनाने के लिए विकासखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, स्वच्छाग्रही, स्वयं सहायता समूह, स्कूली बच्चे और स्वच्छता प्रेरक बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। अब तक, इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रें में लोगों को जल और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से श्रमदान, कचरे के ढेर वाली जगहों की साफ-सफाई, स्वच्छता रैलियां और स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनी संपत्तियों के रखरखाव का काम किया गया है। इसके अलावा, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और किशोरियों को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के बारे में जागरूक किया जा रहा है। स्कूली बच्चों और महिला समूहों द्वारा निकाली जा रही रैलियों और श्रमदान के माध्यम से ग्रामीणों को जल और स्वच्छता का संकल्प दिलाया जा रहा है।

# देश की आज़ादी के लिए महापुरुषों की बलिदान गाथा नई पीढ़ी को बताएं: लता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव



कोण्डागांव जिले के दहिकोंगा में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्र का आयोजन हुआ। इस यात्र में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी विशेष रूप से शामिल हुईं। मोटर -साइकिल रैली में स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन देशभक्ति के नारों के साथ उत्साहपूर्वक तिरंगा लहराते हुए शामिल हुए।

विधायक लता उसेंडी ने ग्रामीणों से अपील की कि वे हर घर पर तिरंगा लगाकर आज़ादी का सम्मान करें। उन्होंने कहा, देश की आज़ादी के लिए हमारे महापुरुषों ने प्राणों का बलिदान दिया, इसे नई पीढ़ी तक गर्व और सजगता के साथ पहुँचाना आवश्यक है। उन्होंने विद्यालयों में बच्चों को देशभक्ति के पाठ, राष्ट्रीय महत्व के विषय और प्रमुख तिथियों की जानकारी देने पर जोर दिया।

**विकसित भारत के संकल्प पर जोर** - उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के विज़न का उल्लेख करते हुए कहा कि इस संकल्प को साकार करने के लिए सबकी भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ सरकार राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

**जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी** -इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हितेंद्र झा, प्रेम सिंह नाग, जनपद उपाध्यक्ष टोमेंद्र सिंह ठाकुर, बाल सिंह बघेल, दयाशंकर दिवान, झुमुख नाग, संतोष पात्र, लखमु राम, गणेश मानिकपुरी, राजू भंडारी, सुनीता नाग, रामदाई नाग, नंदलाल दिवान, सोहन कश्यप, प्रेम नेताम, किशोर पटेल, संतो बाई नाग, भुर्शु दिवान, मंनतू पटेल सहित भारी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।



# गांव-गांव में तिरंगा यात्रा से देशभक्ति का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

आजादी के अमृत महोत्सव और स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में, कोण्डागांव जिले के सभी ग्राम पंचायतों में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगा यात्रा, रैली और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं बड़ी संख्या में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं, जिससे पूरे जिले में देशभक्ति का माहौल बना हुआ है।

यह अभियान केवल तिरंगा फहराने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसके जरिए देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश भी दिया जा रहा है। बड़ेराजपुर और माकड़ी विकासखंड में 'बिहान' समूह की महिलाएं भी तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं। तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति के गीतों और नारों से पूरा गांव गूंज रहा है।

**स्वतंत्रता सेनानियों को किया जा रहा याद**-इन कार्यक्रमों में विभिन्न बैठकों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया जा रहा है। लोगों को एकता और भाईचारे का संदेश दिया जा रहा है। यह प्रयास युवा पीढ़ी को हमारे गौरवशाली इतिहास से परिचित कराने के लिए किया जा रहा है, ताकि वे देश के प्रति अपने कर्तव्य को समझ सकें।




**स्वच्छता अभियान से जुड़ रहा जनमानस**-तिरंगा यात्रा और बैठकों के साथ-साथ, सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है। इस अभियान में ग्रामीणों और 'बिहान' समूह की महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह रैली और स्वच्छता अभियान न केवल राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत कर रहा है, बल्कि लोगों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने का संकल्प भी दिला रहा है। यह तिरंगा यात्रा 15 अगस्त तक जारी रहेगी।



### स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग कार्यक्रम का आयोजन

**कोण्डागांव।** प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में आज हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों और ग्रामीणों में देशभक्ति और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना बढ़ाना था। इस अवसर पर प्रधान पाठक मधु तिवारी ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपने घरों पर सम्मान के साथ तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा, उन्होंने स्वच्छता का जीवन में महत्व, मौसमी बीमारियों से बचाव, साफ पानी पीने और हाथ धोने के छह तरीके भी बताए। बच्चों ने कार्यक्रम में मिलकर स्वच्छता गीत और देशभक्ति से भरे गाने गाए। सभी बच्चों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई, जिससे यह कार्यक्रम और भी खास बन गया।

# मक्का प्लांट को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूटा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

कोंडागांव जिला मुख्यालय से 7-8 किमी दूर ग्राम पंचायत ककोडी में स्थित मक्का प्लांट इन दिनों ग्रामीणों की परेशानी का कारण बन गया है। वेटकेक सड़ने से बदबू फैल रही है, मवेशियों की मौत हो रही है और खेत बर्बाद हो रहे हैं।

मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने प्लांट परिसर में घुसकर जोरदार प्रदर्शन किया और तत्काल प्लांट बंद करने की मांग की। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर समझाइश दी और स्थिति काबू में की।

**डायर मशीन बंद, वेटकेक बन रहा ज़हर**-मिली जानकारी के अनुसार प्लांट की डायर मशीन बंद है। अगर मशीन चालू होती तो वेटकेक को पशु और पक्षियों के लिए पौष्टिक चारा बनाया जाता, लेकिन मशीन ठप होने से यह सड़कर जहरीली बदबू फैला रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि आज मवेशी मर रहे हैं, कल हमारी बारी होगी। वे स्थायी समाधान तक प्लांट बंद रखने की मांग कर रहे हैं। प्रशासन ने जांच का भरोसा दिया है, लेकिन कार्रवाई पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

## पेज 11 के शेष

### डिवाइडर पर चमकीले...

स्प्रिंग पोस्ट एवं डेलीनेटर को लगाया गया है। शहर के विभिन्न मार्गों पर डीएसपी ट्रैफिक संतोष जैन की मौजूदगी एवं यातायात प्रभारी मधुसूदन नाग, एएसआई कुलदीप सिंह, यतेंद्र देवांगन एवं अन्य स्टाफ द्वारा सड़क डिवाइडर पर करीब 20 स्थानों में लगाया गया है । ताकि आम जनता सड़कों पर सुरक्षित सफर कर सकें ।

**सजग रहने एसपी की अपील**- पुलिस अधीक्षक ने आम जनता एवं वाहन चालकों से अपील की है कि सड़क पर चलते हुए डिवाइडर या चौक चौराहे पर क्रास अन्य दिशा की ओर जाते समय हमेशा ट्रैफिक संकेत एवं नियमों का पालन करें। यातायात नियमों के प्रति सजग रहें । सुरक्षित सफर ही सुरक्षित जीवन का आधार है।

### स्ट्रीट डॉग्स पर...

करने का निर्णय सुनाया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह दिशा-निर्देश केवल एनसीआर तक सीमित न रहकर देश के सभी नगर निगमों में लागू हों, जिससे डॉग बाइट के मामलों पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। महापौर ने कहा कि अधिवक्ताओं से चर्चा कर राज्य शासन से आग्रह करेंगे कि जगदलपुर की स्थिति भी सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में लाई जाए। नगर निगम क्षेत्र में शेल्टर हाउस बनाकर और अन्य निदेर्शों के परिपालन के लिए हम तैयार है। आवश्यकता केवल न्यायालय की अनुमति और उपयुक्त दिशा-निदेर्शों की है।

### सालेपाल में पीपल...

सुरेश गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल मौजूद रहे। पीपल केयर के संरक्षक सुरेश यादव ने भेजरीपदर के सरपंच पीलूराम, सालेपाल सरपंच बोंडकु, राजू पोडियामि, पुजारी, पटेल, ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### पैथोलॉजी लैब का किया निरीक्षण



**दंतेवाड़ा।** जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिले में संचालित पैथोलॉजी लैब का औचक निरीक्षण किया गया। जिले में छत्तीसगढ़ राज्य उपचार्यगृह तथा रोग उपचार संबंधी स्थापना अनुज्ञापन अधिनियम 2013 के तहत पैथोलॉजी लैब संजीवनी डायग्नोस्टिक सेंटर, ठाकुर पैथोलॉजी, मंडल पैथोलॉजी एवं मां दंतेश्वरी पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण के दौरान नर्सिंग होम एक्ट के तहत विभिन्न बिंदुओं का अवलोकन किया गया। इस दौरान जिला नोडल अधिकारी नर्सिंग होम एक्ट डॉ हितेश ठाकुर, नायब तहसीलदार बहादुर राम, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ बसंत कोसरे जिला सलाहकार अंकित सिंह एवं दिनेश ठाकुर उपस्थित थे।

### टीबी मुक्त अभियान के तहत सरपंच बना निक्षय मित्र



**दंतेवाड़ा।** जिले में टीबी रोगियों को अतिरिक्त पोषण आहार सामाजिक सहयोग और उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधि और जिला, जनपद के सदस्यों से अपील की जा रही है कि वह निक्षय मित्र बनकर ऐसे टीबी रोगियों की मदद करें। इसी कड़ी में विगत दिवस गीदम ब्लॉक के कौरगांव पंचायत से सरपंच बृजेश कड़की के द्वारा निक्षय मित्र बनने में सहमति प्रदान की गई। तदोपरांत उन्हें निक्षय मित्र के रूप में पंजीकृत कर प्रमाण पत्र को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजय रामटेक के द्वार प्रदाय कर सम्मानित किया गया।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर हुआ पुरस्कृत




**बचेली।** बचेली नगर पालिका के लिए स्वच्छता के क्षेत्र में मिला राज्य एवं देश में तमगा पूरे देश में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 मे शहरों की रेंकिंग जारी की गयी थी, जिसमें छतीसगढ़ राज्य देशभर में राष्ट्रपति द्वारा दिल्ली में पुरस्कृत हुआ था जिसके तत्वावधान में आज राज्य स्तरीय स्वच्छता संगम 2025 जो की बिलासपुर के बगतरई स्टेडियम में आयोजित किया गया। नगर पालिका बड़े बचेली को देश में 20000-50000 जनसंख्या के श्रेणी में देश में 16 वां स्थान, राज्य में 24 स्थान स्टार रेंकिंग में 1 स्टार सिटी हेतु मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री के द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार के लिए नगर के अध्यक्ष राजू जायसवाल, पीआईसी सदस्य धंसिंग नाग, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीटीएम कृष्णा राव, उप अभियंता संतोष नेगी, स्वच्छता दीदी अलका सोंटाके, स्वच्छता प्रेरक मिलिंद बारीक़ नगर के स्वच्छता दीदी एवं नगर कर्मचारी शामिल हुए।

# आरोपियों की जल्द हो गिरफ्तारी नहीं तो होगा एसपी कार्यालय का घेराव: तुलिका

- बड़े कंपनियों के पास नहीं मजदूरों का कोई डाटा, जिले में बढ़ रहे अपराध
- पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप व्यवस्था दुरस्त की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



विगत 20 जुलाई को किरन्दुल में हुए रेप कांड में शामिल आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने आज जिला पंचायत सदस्य तुलिका के नेतृत्व में महिला कांग्रेस व युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जानकारी देते हुए तुलिका कर्मा ने बताया घटना के बीस दिन गुजर जाने के बाद भी आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पहले बताया गया कि पीड़िता के साथ रेप नहीं हुआ है फिर मेडिकल कॉलेज में बताया गया कि पीड़िता से रेप किया गया है। इस मामले को दबाने व आरोपियों को बचाने पुलिस लगातार सक्रिय नजर आ रही है। तुलिका ने कहा कि इस मामले में जिस स्तर की जांच होनी चाहिए थी उस स्तर पर पुलिस प्रयास नहीं कर रही है। अभी कुछ महीनों से जिले में आदिवासी युवतियों लगातार अत्याचार के मामले सामने आ रहे, जो यह बताता है कि शासन-प्रशासन पूरी तरह निष्क्रिय पड़ी हुई है। एनएमडीसी, एस्सार, मित्तल जैसे बड़े कंपनियों पर तंज कसते हुए तुलिका ने कहा कि इन कंपनियों में कार्य करने दूसरे शहरों से आदमी बुलाए जा रहे हैं, जिनका कोई रिकार्ड कोई पहचान पुलिस के पास नहीं है। ऐसे युवक बड़ी आसानी से जिले में अपराध कर भाग रहे हैं। तुलिका ने बताया कि बड़े कंपनियों को सिर्फ अपना काम निकालना है उन्हें आदिवसियों के जान-माल से कोई लेना देना नहीं है। पुलिस अधीक्षक को आज ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि बाहर से आए सभी नागरिकों का पूरा रिकार्ड रख उन पर नजर रखें साथ ही रेप कांड में शामिल आरोपियों को जल्द पकडऩे आवश्यक पहल करें। तुलिका ने कहा कि अगर दस दिवस के भीतर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती है तो पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा सोरी, पार्षद इंद्रा ठाकुर, राधा नाग, पार्षद एन नागराज, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा, रानू राव, सोहन भवानी समेत अन्य उपस्थित थे।

## जुलूस में स्कूली बच्चें, शहरवासी और पुलिस की रही सहभागिता

# सीआरपीएफ की बाइक रैली से बना देशभक्ति का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा




देश के राष्ट्रव्यापी अभियान हर घर तिरंगा के तहत सीआरपीएफ की 226 वीं बटालियन ने आज 12 अगस्त को वाहिनी मुख्यालय, गीदम नाला से सुकमा शहर तक बाईक रैली का आयोजन किया। इसमें कमाण्डेंट एचपी सिंह के साथ बटालियन के अन्य अधिकारियों एवं जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

- पूरे रास्ते को उत्सवी सजावट और देशभक्ति के संदेशों से सजाया गया

इस कार्यकम में बाईकर्स का एक जीवंत जुलूस शामिल था, जो तिरंगा लहराते और जयकारे लगाते हुए शहर के प्रमुख स्थलों से गुजरे। पूरे रास्ते को उत्सवी सजावट और देशभक्ति के संदेशों से सजाया गया था। जिससे एक रोमाचंक माहोल बन गया। इसके अतिरिक्त सुकमा पुलिस की टीम के साथ स्थानीय जनता ने भी इस रैली में जुड़कर इस अभियान को पूर्ण रूप प्रदान किया। कमाण्डेंट एवं उपस्थित अधिकारियों ने मदर टेरेसा स्कूल के बच्चों एवं एन.सी.सी के छात्रों तथा सरकारी जूनियर कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं तथा स्थानीय निवासियों को तिरंगा वितरित करते हुए हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को हर घर तिरंगा अभियान को एक यादगार जन आंदोलन बनाने की अपील की। उन्होंने लोगों से अपने घर पर एक तिरंगा फहराने एवं सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट हर घर तिरंगां एवं सेल्फी विद तिरंगा के साथ अपलोड करने के लिए भी प्रेरित किया जिससे की जन-जन के अंदर राष्ट्र भावना को जागृत किया जा सके।

# नक्सल प्रभावित पूवर्ती गांव पहुंचे कलेक्टर व एसपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कभी नक्सली कमांडर हिड़मा के नाम से कुख्यात रहे सुकमा जिले के दूरस्थ और नक्सल प्रभावित गांव पूवर्ती में बदलाव की बयार बह रही है। आज यह गांव सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़कर विकास की मुख्यधारा की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

इसी कड़ी में सुकमा कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण तथा डीएफओ अक्षय दिनकर भोसले ने पूवर्ती गांव का दौरा कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को अपने बीच पाकर ग्रामीण उत्साहित नजर आए। कलेक्टर से ग्रामीणों ने गाँव के विकास और समस्याओं के बारे में बिना झिझक अपनी बात रखी।

अधिकारियों ने सबसे पहले मुख्य सड़क सिलगेर से पूवर्ती को जोड़ने वाले बीआरओ द्वारा निर्मित बैली ब्रिज का निरीक्षण किया। यह पुल बारहमासी आवागमन सुनिश्चित कर रहा है और गांव को सालभर जिला मुख्यालय से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पुल निर्माण के बाद अब वर्षा ऋतु में भी शहरों से गांव का संपर्क नहीं टूटता।

दौरे के दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने ग्रामीणों से सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यकताओं पर चर्चा की। कलेक्टर ने बताया कि नियद नेल्ला नार योजना एवं नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत पूवर्ती सहित अन्य गांवों में विकास कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत के बैनर तले हर घर तिरंगा रैली निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

विकासखंड कोंटा क्षेत्र में सेवा दे रही 50वीं वाहिनी केरिपुबल ने आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत चल रहे हर घर तिरंगा अभियान तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत रैली का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वाहिनी के द्वितीय कमान के अधिकारी दुर्गा राम द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. बिनोद टोपो. मुख्य चिकित्सा अधिकारी नीरज कुमार परिचालन डॉ. नितेश कुमार सिंह वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी राकेश सिंह, सहा. कमा. के साथ 50वीं वाहिनी के अधिनिस्थ अधिकारी जवान एवं बड़ी संख्या में बालक आश्रम इंजरम के छात्रों ने भाग लिया।

रैली का शुभारंभ बटालियन परिसर से हुआ जहाँ देशभक्ति के जोशीले नारों के बीच तिरंगा लहराते हुए जवान अधिनिस्थ अधिकारी बालक आश्रम इंजरम के छात्रों के साथ विभिन्न मार्गों से गुजरे। रास्ते में लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने का संदेश दिया गया। ग्रामीणों और राहगीरों ने भी तिरंगा लहराकर रैली का उत्साहवर्धन किया। रैली के उपरांत एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें देश की विविध सांस्कृतिक परंपराओं भाषाओं परिधानों और लोककलाओं का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न राज्यों की संस्कृति एवं परंपराओं के आदान-प्रदान के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करना और विविधता में एकता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना रहा। साथ ही मुख्य उद्देश्य राष्ट्रप्रेम एकता और अखंडता की भावना को जन-जन तक पहुँचाना हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को सशक्त बनाना था।

## योग आयोग के अध्यक्ष पहुंचे बीजापुर



बीजापुर। छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा एक दिवसीय प्रवास पर बीजापुर पहुंचे उन्होने प्रवास के दौरान सर्किट हाऊस में प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जिले में योगाभ्यास के व्यापक प्रचार-प्रसार पर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान योग प्रशिक्षकों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ योग पर चर्चा किए।

योग आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि बीजापुर के गांव-गांव तक योग को ले जाने का प्रयत्न चल रहा है। इस दिशा में मैदानी छत्तीसगढ़ के साथ-साथ दक्षिण बस्तर में भी योगाभ्यास को लेकर जाने का लक्ष्य हैं। जशपुर जिला में भी योग दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न किया। शहरों के साथ-साथ सुदूर गांवो में भी योगाभ्यास का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार हो सके इसलिए प्राथमिक बैठक बीजापुर प्रवास के दौरान हुई है।

## 14 अगस्त को होगी स्वतंत्रता दौड़

**सुकमा।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिले में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु 14 अगस्त को प्रातः 7 बजे जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ दंतेवाड़ा-जगदलपुर तिराहा से प्रारंभ होकर पीडब्ल्यूडी तिराहा होते हुए मिनी स्टेडियम सुकमा में समाप्त होगी। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दौड़ में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और स्वतंत्रता पर्व की गरिमा को बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला खेल अधिकारी विरूपाक्ष पौराणिक ने बताया कि स्वतंत्रता दौड़ में महाविद्यालय और स्कूल के छात्र, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण और अधिकारी कर्मचारी शामिल होंगे।

# हर घर तिरंगा रैली में कलेक्टर व एसपी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा



स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला मुख्यालय सुकमा में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

इस रैली में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव और पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण शामिल होकर जनमानस में देशभक्ति का संदेश दिया। रैली की शुरुआत जवाहर नवोदय विद्यालय कुम्हाररास सुकमा से हुई। द्वितीय वाहिनी के जवानों और जवाहर नवोदय विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने तिरंगे झंडे लहराते हुए भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। रैली संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर होते हुए वापस जवाहर नवोदय विद्यालय कुम्हाररास पहुंचकर संपन्न हुई।

कार्यक्रम में द्वितीय वाहिनी के अधिकारी अश्विन कुमार मिश्रा कमांडेंट कमलेश डिप्टी कलेक्टर शबाब खान सहित जिले के अन्य अधिकारी-कर्मचारी और जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

# एकता एवं अखंडता का संदेश पहुंचाने निकले जवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





195 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल बारसूर ने 12 अगस्त को भारत सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान हर घर तिरंगा के अंतर्गत सातधार से बारसूर तक भव्य बाइक रैली और पैदल मार्च का आयोजन किया। रैली का शुभारंभ कमांडेंट राजीव कुमार ने सातधार से किया। यह रैली स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन करने और देश की एकता एवं अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से निकाली गई।

बाइक रैली सातधार से बारसूर चौक होते हुए भारत माता मंदिर तक पहुँची। कमांडेंट राजीव कुमार ने सभी जवानों और क्षेत्रवासियों से हर घर तिरंगा अभियान में पूरे उत्साह, गर्व और देशभक्ति के साथ भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आत्मा और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों का प्रतीक है। इस मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी सुभाष चंद प्रसाद, सीएमओ डॉ. अनिल कुमार भारती, एडज्यूटेंट राजकुमार, सहायक कमांडेंट संजीव कुमार, एसएमओ डॉ. वागीश त्रिपाठी, थाना प्रभारी बारसूर संजय उरसा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

# पुलिस ने दी विद्यार्थियों को नैतिक, कानूनी व सुरक्षा का शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



बस्तर विकासखंड के माध्यमिक शाला भुरसुंडी में पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुमित धोत्रे के निर्देशन में बस्तर थाना प्रभारी सुरेश कुमार जांगड़े एवं उनकी टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को सामाजिक, नैतिक, कानूनी एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारियं प्रदान की गईं। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें जीवन में अनुशासन, ईमानदारी और कर्तव्यबोध जैसे जीवनमूल्यों का महत्व समझाया।

अधिकारियों ने बच्चों को प्रेरित किया कि वे जीवन में ईमानदारी, संयम और नियमों का पालन करें। उन्होंने बड़ों के सम्मान, आपसी सद्भाव और विविधता में एकता बनाए रखने की बात कही। कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभावों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बच्चों को चेताया कि नशा व्यक्ति के भविष्य को अंधकारमय बना सकता है। बच्चों को बताया गया कि वे तम्बाकू, सिगरेट, गुटखा तथा किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों और गलत संगति से दूर रहें। साथ ही नशे से जुड़ी लत के कारण होने वाले सामाजिक, मानसिक और शारीरिक नुकसान के उदाहरण भी साझा किए गए। बच्चों को बाल अधिकार, बाल श्रम निषेध और बाल विवाह जैसे विषयों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही ड्राइविंग की कानूनी उम्र, सोशल मीडिया की सीमाएं और साइबर क्राइम से सुरक्षा के उपाय भी साझा किए गए। उन्हें बताया गया कि एक जागरूक नागरिक बनना हर विद्यार्थी का कर्तव्य है।

**PUBLIC NOTICE**

Know all men be notice that **Bakul Biswas** wife of Bikash Chandra Biswas residing at House No.T-2-67 Ward No. 8 Near Bus Stand Kirandul, Post Kirandul, Distt. Dantewada C.G. 494556 have changed my name and shall hereafter be known as **Rinku Biswas** for all purposes.

**Bakul Biswas**
**R/o House No.T-2-67**
**Ward No. 8 Near**
**Bus Stand Kirandul**
**P.O. Kirandul Distt.**
**Dantewada C.G.**
**494556**

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**कुरंदी जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. / ब-121/2024-25
ग्राम - कुरंदी

**// उद्घोषणा//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती धनमती कश्यप पति शिवराम कश्यप जाति हल्बा निवासी ग्राम वार्ड नं. 8 लालबाग जगदलपुर तहसील जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा अपनी माता स्व. सनमती कश्यप पति स्व. धनर कश्यप की मृत्यु दिनांक 23/06/2024 को होने से मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु जन्म ज्ञापन प्रदाय करने आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय की पेशी तिथि 22/08/2025 के पूर्व न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात किसी भी प्रकार की प्रस्तुत आपत्तियों पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी ।

उद्घोषणा आज दिनांक 07/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है ।

मुहर
**तहसीलदार**
**जगदलपुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा//**

राजस्व प्रकरण क्र./ब-121/202507152300024/2024-25
ग्राम मारडूम प.ह.नं. 05

एतद् द्वारा ग्राम मारडूम के जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री बुदरू पिता रामा जाति माड़िया निवासी ग्राम मारडूम के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन मय अन्य दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक अपने मृतिका दादी स्व. कानी पति सुदू का मृत्यु प्रमाण पत्र शासकीय कार्य हेतु बनाना चाहता है। स्व. कानी पति सुदू का मृत्यु दिनांक 03/10/1998 का उल्लेखित है। जिनका प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है। जिसकी पेशी तिथि 11/08/2025 को नियत है। यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपने अभिभाषक अथवा अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित अवधि तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयोपरान्त किसी के भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**लोहण्डीगुड़ा**

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा//**

राजस्व प्रकरण क्रं./ब-121/202507152300025/2024-25
ग्राम मारडूम प.ह.नं. 05

एतद् द्वारा ग्राम मारडूम के जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री बुदरू पिता रामा जाति माड़िया निवासी ग्राम मारडूम के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन मय अन्य दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक अपने मृतक दादा स्व. सुदू पिता लखमा का मृत्यु प्रमाण पत्र शासकीय कार्य हेतु बनाना चाहता है। स्व. सुदू पिता लखमा का मृत्यु दिनांक 10/02/1990 का उल्लेखित है। जिनका प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है। जिसकी पेशी तिथि 11/08/2025 को नियत है। यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपने अभिभाषक अथवा अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित अवधि तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयोपरान्त किसी के भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**लोहण्डीगुड़ा**

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा//**

राजस्व प्रकरण क्रं./ब-121/202507152300026/2024-25
ग्राम मारडूम प.ह.नं. 05

एतद् द्वारा ग्राम मारडूम के जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री बुदरू पिता रामा जाति माड़िया निवासी ग्राम मारडूम के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन मय अन्य दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक अपने मृतक दादा स्व. बुधु पिता लखमा का मृत्यु प्रमाण पत्र शासकीय कार्य हेतु बनाना चाहता है। स्व. बुधु पिता लखमा का मृत्यु दिनांक 19/07/1995 का उल्लेखित है। जिनका प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है। जिसकी पेशी तिथि 11/08/2025 को नियत है। यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपने अभिभाषक अथवा अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित अवधि तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयोपरान्त किसी के भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**लोहण्डीगुड़ा**

## खबर संक्षेप

### केशकाल बाईपास सड़क निर्माण की मांग हुई पूरी

**जगदलपुर।** महापौर संजय पांडे एवं निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन ने जारी संयुक्त बयान में कहा है कि बस्तर के लाइफ लाइन कहे जाने वाले केशकाल बाईपास सड़क निर्माण की मांग वर्षो से की जा रही है । जनता की बहुप्रतीक्षित मांग को गंभीरता से लेते हुए जनहित के पक्षधर और संवेदनशील प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने बस्तरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर मांग रखी थी। जिसपर केन्द्रीय मंत्री ने मांग को पूरा करते जल्दी निमार्ण कार्य प्रारंभ होने की बात कही है। उन्होंने विधायक ,वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप का आभार मानते कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ के विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का जनता को लाभ देने के लिए संकल्पित है। किरण देव लगातार बस्तर के विकास कार्यों के लिए गंभीर है। जिसके फलस्वरूप बस्तर व जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में उनके नेतृत्व में विकास कार्य तेजी गति से हो रहे हैं।

### सुरेन्द्र त्रिपाठी बने मंडल अध्यक्ष



**जगदलपुर।** आज नानगुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत तुसेल में ब्लॉक अध्यक्ष फूलसिंह बघेल की अध्यक्षता में संगठन सृजन के तहत बैठक हुई। तुसेल के कांग्रेसजन ने सर्वसम्मति से सेक्टर एवं मंडल की कार्यकारिणी का गठन करते हुए सुरेन्द्र त्रिपाठी को मंडल अध्यक्ष, नियानार से सदन कश्यप व पंडरीपानी से रुखनाथ यादव को सेक्टर अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस दौरान उपाध्यक्ष आशा राम, राजेश कश्यप, सोनाधार नाग, श्यामखुद्र नेताम, सुरेन्द्र, जगन्नाथ बघेल, सुकमन, रामनाथ, देवनाथ बघेल, विनोद, महादेव, झीमटू, नरेंद्र, सुकरू आदि मौजूद रहे।

### मुदियाराम बने सेक्टर अध्यक्ष



**जगदलपुर।** आज नगरनार के ग्राम पंचायत आसना में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार संगठन सृजन व संगठन विस्तार हेतु बैठक हुई। शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य, नगरनार ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया व मंडल अध्यक्ष प्रणय सील की उपस्थिति में आसना के सामुदायिक भवन में सेक्टर अध्यक्ष अध्यक्ष गठन के लिए विचार हुआ। सर्वसम्मति से मुदियाराम कश्यप को सेक्टर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान कुंज बिहारी पाणिग्रही, रोहित पाणिग्रही, नितेश जोशी, विशाल खंबारी, परवीन देहरी, हेमंत कश्यप, तुलसी सेठिया, विश्वनाथ भारती, जयसिंह गोयल, अनिल गौड़मिया, यशवंत पाणिग्रही,चंदन सेठिया, वेद प्रकाश, शुकलधर, सोमारू कश्यप, सुखदेव नाग, बिट्टू, शंकर भारती, वीर बघेल, हरीश, विजय गोयल आदि मौजूद रहे।

# सातों जिलों में अब तक 148 उपभोक्ताओं ने लिया पीएम सूर्य घर योजना का लाभ

## एई व जेई योजना पर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को कर रहे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत विद्युत कंपनी के कार्यपालन अभियंता के नेतृत्व में सहायक, कनिष्ठ अभियंता कर्मचारियों के साथ शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को जागरूक कर रहे हैं। इसके चलते सातों जिलों के 148 उपभोक्ताओं ने पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लिया है। उपभोक्ताओं को बताया रहे हैं कि इस योजना का उद्देश्य है कि घरों में सोलर पैनल लगाए जाएं और लोगों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए विद्युत कंपनी के इंजीनियरों को सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना, रख-रखाव और संचालन के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही इससे उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली का लाभ मिलेगा। सौर ऊर्जा के माध्यम से न केवल बिजली की बचत होगी, बल्कि यह योजना हर परिवार को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगी। आने वाले समय में प्रत्येक घर की छत पर यह सौर पैनल दिखाई देगा, जिससे महंगे बिजली बिल की चिंता समाप्त हो जाएगी। शासन की इस पहल से हर वर्ग के उपभोक्ताओं को सस्ती, सुलभ और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध हो रही है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन कायम रखने में भी सहयोग मिलेगा।



### डीई, एई व जेई को दिए निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि सातों जिलों के कार्यपालन अभियंता, सहायक, कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देश दिया कि पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना पर उपभोक्ताओं को जागरूक करें।

## कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं करें प्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम और स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने हेतु चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की अस्पतालों में नियमित रूप से शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करवाएं। साथ ही मैदानी अमले के जरिए ग्रामीण ईलाकों में मौसमी बीमारी की स्थिति पर सतत निगरानी रखते हुए समय पर रोकथाम एवं उपचार सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में संस्थागत प्रसव की स्थिति सहित टीकाकरण की स्थिति, सघन मोतियाबिंद जांच एवं उपचार की स्थिति, राष्ट्रीय क्षय रोग निवारण कार्यक्रम की प्रगति, मलेरिंया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान और आरबीएस के चिरायु योजना के तहत बच्चों के इलाज की स्थिति का संज्ञान लेते हुए उक्त निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग में फाइलों का संचालन ई-ऑफिस के माध्यम से होना चाहिए। कार्यालय के अंदरूनी कार्य भी ई-ऑफिस के माध्यम से करें ताकि पेपरलेस कार्यशैली विकसित की जा सके। कलेक्टर ने बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत, पीजी पोर्टल और आमचो बस्तर पोर्टल में शिकायत और मांगों का समय-सीमा पर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा समय-सीमा के प्रकरणों पर विभागों से चर्चा कर गुणवत्तायुक्त निराकरण करने कहा। कलेक्टर ने जिले के धान संग्रहण केंद्र की सुगम आवागमन व्यवस्था करने तथा लेखा मिलान की स्थिति की समीक्षा किए। साथ ही निक्षय मित्र की राशि से जनपद के माध्यम से मरीजों को फुड बास्केट वितरण करने पर चर्चा किए। उन्होंने आश्रम-छात्रावास हेतु सामानों एवं भवनों की मरम्मत की आवश्यकता के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द करवाने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किए। बैठक में एनआरएलएम और उद्योग विभाग के अधिकारी से महिला स्व-सहायता समूह को रेडी टू ईट निर्माण करने के लिए समूह को कार्य देने पर चर्चा किए। इसके अलावा विभागों के लिए आवश्यकता के आधार पर शहर में भू-आबंटन के लिए चर्चा किए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, वनमण्डलाधिकारी उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



### बिना अनुमति मुख्यालय से बाहर रहने वाले अधिकारियों को जारी करें शो-कॉज नोटिस

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वीकृत शौचालय निर्माण कार्यों एवं पेयजल सुविधा के कार्यों की स्थिति का जनपदवार तथा महिला बाल विकास विभाग से जानकारी लिए और कहा कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एवं नोनी सुरक्षा योजना में द्वितीय संतान (बालिका) लाभान्वित हितग्राही की संख्या जनपदवार सूची लेकर मैदानी अमले इस पर आवश्यक कार्यवाही करें। इसके अलावा बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति का समीक्षा किए। नक्शा बटांकन के कार्य में इस माह तक 90 प्रतिशत पूर्ण करें। कलेक्टर ने बिना अनुमति मुख्यालय से बाहर रहने वाले अधिकारियों को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# देश की आन, बान, शान है तिरंगा : पाण्डेय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भारतीय जनता पार्टी हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले के सभी तेरह मण्डलों में कार्यकतार्ओं द्वारा आमजनता को जोड़कर जोर शोर से तिरंगा यात्रा निकाल रही है। शहर के समस्त वार्डों में घर घर में ससम्मान तिरंगा लगाने में कार्यकर्ता जुटे हैं। शहर के 48 वार्डों में तिरंगा यात्रा का आयोजन देशभक्ति के गीत व नारों के साथ हो रहा है। जिला कार्यालय मंगलवार को जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कार्यकतार्ओं को अपने निवास में तिरंगा लगाने व अन्य लोगों को भी अपने घरों में तिरंगा लगाने प्रेरित करने कहा। वहीं लोहण्डीगुड़ा मण्डल में तिरंगा यात्रा में वे शामिल हुये। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की आन बान और शान है। हर घर तिरंगा अभियान व तिरंगा यात्रा राष्ट्र भक्ति का उत्सव है। जिसमें आमजन भी संपूर्ण उत्साह से सहभागी बन रहे हैं। भाजपा पश्चिमी नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा एवं पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने बताया कि आज शहर के महारानी वार्ड, संतोषी वार्ड, महेन्द्र कर्मा वार्ड, बालाजी वार्ड, शांति नगर, गांधीनगर वार्ड,गुरू गोविन्द सिंह वार्ड, छत्रपति शिवाजी वार्ड, जवाहर नगर, लोकमान्य तिलक वार्ड, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड व अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड में तिरंगा यात्रा निकाली गयी जिसमें योगेन्द्र पाण्डेय, नरसिंह राव, आर्येन्द्र आर्य, रोहित त्रिवेदी, ललिता बघेल, सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, मंगतू कश्यप, बसंत कश्यप, नरसिंह ठाकुर, बंजारा राम, शशि नाथ पाठक,रौशन सिसोदिया, दिगम्बर राव, हरीश पारेख, संग्राम सिंह राणा, श्याम सुंदर बघेल, संतोष गौर, पूनम सिन्हा, बसंती समरथ आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व आमजन शामिल रहे।

# महापौर की पहल पर शहर में होंगे लाखों के विकास कार्य



**जगदलपुर।** महापौर संजय पाण्डे की पहल पर नगर पालिक निगम द्वारा जिला खनिज न्यास , सांसद और विधायक निधि से लाखों के निर्माण कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों के लिए ई टेंडर आमंत्रित किए जा रहे हैं।

मेयर ने विभिन्न मदों की राशि का उपयोग जनहित में करने का सिलसिला शुरू किया है। इसी क्रम में ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई है। प्रस्तावित कार्यों में डीएमएफटी मद के 17.27 लाख रू. से बस्तर क्लब परिसर में 100 गुणा 30 फीट क्रिकेट बॉक्स यूनिट निर्माण, इंदिरा स्टेडियम में 19.95 रू. की लागत से 100 गुणा 50 फीट क्रिकेट बॉक्स यूनिट निर्माण, महारानी वार्ड में शंकर मंदिर के पास सांसद निधि के 10 लाख रू. की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण,15 लाख की लागत से शांति नगर वार्ड में टाउन हॉल सामुदायिक भवन मरम्मत कार्य, विधायक निधि के 10 लाख रू. से बस्तर विकास प्राधिकरण में अतिरिक्त कक्ष एवं छत मरम्मत कार्य अघनपुर में डीएमएफटी मद के 20.27 लाख से उच्च प्राथमिक विद्यालय का निर्माण और नगर निगम को किराए पर विद्युत एवं यांत्रिक फिटिंग सहित टेंट उपकरण एवं सामग्री उपलब्ध कराने हेतु 50 लाख रुपए के कार्य शामिल हैं। इसके लिए महापौर ने विभागीय मंत्री अरूण साव, सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण सिंह देव व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

# बिहान समूह सिरहासार भवन में उपलब्ध करवा रही तिरंगा

**जगदलपुर।** देश की आजादी पर्व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 2 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक पूरे उत्साह के साथ हर घर तिरंगा अभियान मनाया जा रहा है। इस राष्ट्रव्यापी पहल को जिले में कलेक्टर हरिस एस और जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन के कुशल मार्गदर्शन में तीन चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी मां बम्लेश्वरी स्वयं सहायता समूह आसना की सदस्य कुंती मोरला और पिंकी बघेल ने एक अनूठी पहल की है। उक्त समूह द्वारा सिरहासार भवन परिसर में एक विशेष स्टॉल लगाया गया है। जिसमें समूह के हस्तनिर्मित उत्पादों के साथ-साथ हर घर तिरंगा अभियान के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए तिरंगे से संबंधित विभिन्न उत्पाद भी उपलब्ध हैं।





# हर घर तिरंगा अभियान में बाइक रैली निकालकर राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आज 12 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के तहत 201 एवं 204 कोबरा वाहिनी के अधिकारियों एवं जवानों ने बाईक रैली एवं तिरंगा यात्रा भालूगुड़ा, करनपुर व माड़पाल गांव के बीच से निकाली। इस रैली को संतोष कुमार मल्ल, कमाण्डेन्ट 204 कोबरा वाहिनी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया । यात्रा में ग्रामीणों, ज्ञानोदय विद्यालय व माड़पाल शासकीय विद्यालय के शिक्षक एवं छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रैली,यात्रा के दौरान बच्चों को मिठाई एवं झण्डों का वितरण कर देशभक्ति की भावना बढ़ाने प्रोत्साहित किया गया। रैली,यात्रा के दौरान सिविल पुलिस की सक्रिय भागीदारी थी।

# भूमिगत विद्युत लाइन के लिए विधायक की पहल सराहनीय, रथ परिक्रमा में होगी सहूलियत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



विधायक किरण सिंह देव की पहल पर दशहरा पर्व के रथ परिक्रमा मार्ग में भूमिगत विद्युत लाइन बिछाने 7 करोड़ 16 लाख की स्वीकृत मिली है।

बरसों पुरानी मांग के पूरा होने पर बस्तरवासियों में खुशी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सहयोग से एवं विधायक के प्रयास से यह राशि स्वीकृत हुई है। रायपुर के बाद जगदलपुर में भूमिगत विद्युत लाइन बिछाने का काम किया जाएगा। राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने जारी बयान में कहा कि यह विधायक और महापौर संजय पांडे शहर विकास को लेकर सजग है। ऐतिहासिक दलपत सागर का सौंदर्यीकरण मील का पत्थर साबित होगा। इस ऐतिहासिक कदम के लिए उन्होंने विधायक का आभार माना है।

# स्कूली बच्चों ने हर घर तिरंगा रैली के साथ दिखाया देशभक्ति का जज्बा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सेजस अलनार स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को हाथों में तिरंगा लेकर हर घर तिरंगा रैली निकाली। नन्हें कदमों से निकली इस रैली में देशभक्ति के नारे गूंजते रहे और पूरे क्षेत्र में एकता व गर्व का संदेश दिया गया। रैली का आयोजन विद्यालय के समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन और सहयोग से किया गया, जिन्होंने बच्चों के मन में देश प्रेम का भाव जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तिरंगे के रंगों से सजे बच्चों ने आस-पास के घरों और गलियों में जाकर नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और उसके महत्व के बारे में प्रेरित किया। प्रधानाचार्य अजय कोर्राम ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य बच्चों में राष्ट्र के प्रति प्रेम, सम्मान और एकता की भावना को मजबूत करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियां देश की विरासत और स्वतंत्रता के महत्व को समझें। रैली के अंत में सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर जय हिंद का उद्घोष किया और भारत माता को नमन किया।

हाेंठों को पतला-मोटा करें और आकर्षक बनायें. इंजेक्शन व लेसर व्दारा.
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक ने शुरू की यूपीआई सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- ग्रामीण ग्राहकों को मिलेगी अधिक आसान बैंकिंग सुविधा



कलेक्टर बस्तर एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के प्राधिकृत अधिकारी हरिस एस के मार्गदर्शन एवं प्रयासों के फलस्वरूप सोमवार को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर ने यूपीआई सुविधा प्रारंभ कर दी है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जगदलपुर प्रदेश में रायपुर और दुर्ग सहकारी बैंकों के बाद तीसरा सहकारी बैंक बन गया है जहाँ ग्राहकों के लिए यूपीआई सुविधा आरम्भ की जा सकी है। इसी अनुक्रम में बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्देशित सायबर सुरक्षा अंतर्गत बैंक के वेबसाईट में लाईव कर दिया है, इस डोमेन में यह प्रदेश का पहला सहकारी बैंक है। ग्राहक उक्त यूआरएल से डिजीटल जानकारी एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे ।

इस अवसर पर कलेक्टर बस्तर एवं बैंक के प्राधिकृत अधिकारी हरिस ने जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों-कर्मचारियों को कहा कि महीनों की कड़ी मेहनत और समर्पण के बाद बैंक यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) प्लेटफॉर्म पर लाइव हो गया है। अब बैंक की पूरी टीम ग्राहक सुविधा के प्रति एक सुरक्षित और सुविधाजनक भुगतान अनुभव प्रदान करने में सक्षम होगा। अब बैंक के ग्राहक गूगल पे, फोनपे, व्हाट्सएप, पेटीएम आदि जैसे लोकप्रिय प्लेटफार्मों का उपयोग करके यूपीआई सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। जिससे ग्राहकों को अधिक लचीलापन और आसान सुविधा मिलेगी। बस्तर संभाग के 7 जिलों के लगभग 4 लाख ग्राहकों जिसमें ज्यादातर ग्रामीण किसान हैं को अब हर छोटी मोटी आर्थिक जरूरतों के लिए बैंक आना नहीं पड़ेगा और वे अपने घर से ही इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। इस दौरान उन्होंने बैंक की टीम को बस्तर अंचल की जनता को बेहतर सेवाएं देने सहित उत्कृष्टता की दिशा में सतत प्रयास करने के लिए उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक कुंवर सिंह ध्रुव ने बताया कि कलेक्टर बस्तर एवं बैंक के प्राधिकृत अधिकारी श्री हरिस ने बैंक के ग्राहकों विशेषकर ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए उक्त सुविधा प्रारम्भ किये जाने को लेकर व्यक्तिगत रूचि लेकर बैंक अधिकारी-कर्मचारियों का सतत मार्गदर्शन किया, जिसके फलस्वरूप बैंक में यूपीआई सुविधा आरम्भ हो सकी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025, 2 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
By Train-रिजर्वेशन कोच
माता वैष्णव देवी यात्रा
माँ वैष्णो देवी, शिव पोड़ी, अमृतसर स्वर्ण मंदिर, जलियावाला बाग, बाघा बार्डर, मथुरा, वृन्दावन, बांकेबिहारी लाल, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, प्रेम मंदिर, श्रीकृष्ण-बलराम मंदिर, आगरा ताज महल
यात्रा दिनांक
11 सितंबर 2025
05 नवंबर 2025
11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)